सूचना का अधिकार तथा पारदर्शी सरकार, उदार प्रजातान्त्रिक राष्ट्रों की दो महत्वपूर्ण विशेषताएं मानी जाती है। हाल ही के वर्षों में सूचना के अधिकार को सरकारी, गैर–सरकारी संगठनों तथा आम जनता द्वारा मान्यता देने की दिशा में एक विश्वव्यापी प्रवृति बनी है। किसी भी राष्ट्र में प्रजातन्त्र की जड़ों को मजबूती प्रदान करने के लिए आम जनता के पास सूचना का होना एक सशक्त हथियार है। समाज के गरीब तथा कमजोर वर्ग के कल्याण हेतु बनाई गई सार्वजनिक नीतियों तथा सरकारी एजेन्सियों द्वारा उनके क्रियान्वयन सम्बन्धी सूचना प्राप्त होने से समाज को सशक्त किया जा सकता है।

2. इस तथ्य को महसूस करते हुए कि सूचना का अधिकार अच्छी सरकार की एक मौलिक आवश्यकता है, भारतीय संसद द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 अधिसूचित किया गया है। यह अधिनियम 12 अक्तूबर, 2005 (15 जून, 2005 को अधिसूचित किए जाने के 120वें दिन) को लागू हुआ तथापि सार्वजनिक प्राधिकरणों के दायित्व, सार्वजनिक सूचना अधिकारियों/सहायक सूचना अधिकारियों को नामित करना, केन्द्रीय सूचना आयोग तथा राज्य सूचना आयोगों का गठन, अधिनियम के अन्तर्गत नियम बनाने की शक्तियां इत्यादि से सम्बन्धित अधिनियम के कुछ प्रावधान 15 जून, 2005 से ही लागू हो गऐ थे। अधिनियम का फलक व्यापक है जिसके अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारें, पंचायती राज संस्थाएं तथा स्थानीय शहरी निकाय, अन्य निकाये जो सरकार के स्वामित्व में या सरकार द्वारा स्थापित, गठित, नियन्त्रित अथवा वित्तोपोषित गैर सरकारी संगठनों सहित शामिल हैं। इस अधिनियम के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने का व्यापक प्रावधान है, जिसमें न्यूनतम छूट, वह भी कड़े रंक्षोपाय की शर्त पर प्रावधानित है।

3. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 15 की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार द्वारा 4 फरवरी, 2006 को हिमाचल प्रदेश राज्य सूचना आयोग का गठन किया गया। इस आयोग ने प्रथम मार्च, 2006 से अपने मुख्यालय शिमला (कमरा न. 222, आर्मज़डेल भवन, हिमाचल प्रदेश सचिवालय) में अपना कार्य आरम्भ किया। श्री प्रेम सिंह राणा ने इस दिन हिमाचल प्रदेश राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त का कार्यभार ग्रहण किया । राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त का कार्यभार संभालने से पूर्व श्री राणा, भारतीय प्रशासनिक सेवा (1970 बैच– हिमाचल प्रदेश संवर्ग) के अधिकारी, भारत सरकार में सांख्यिकी तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली में सचिव के पद पर कार्यरत थे।

4. राज्य सूचना आयोग को अधिनियम के अन्तर्गत सार्वजनिक प्राधिकरणों से सूचना प्राप्त करने सम्बन्धी शिकायतों को प्राप्त तथा उनकी जांच करने का अधिकार दिया गया है साथ ही दोषी सार्वजनिक सूचना अधिकारियों को दंड देने तथा उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्तुत करने के भी अधिकार दिये गये हैं। आयोग को नामित अपील प्राधिकारियों द्वारा दिए गए निर्णयों के खिलाफ अपीलों के निपटान का भी अधिकार दिया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य सूचना आयोग उन सार्वजनिक प्राधिकरणों को जो अधिनियम के प्रावधानों का अक्षरशः पालन न कर रहीं हों, ऐसी संस्तुतियां कर सकेगा जो इन प्राधिकरणों को अधिनियम के समरूप बनाए जाने हेतु आवश्यक हो। प्रत्येक वर्ष के अन्त पर आयोग द्वारा उस वर्ष के दौरान अधिनियम के प्रावधानों के क्रियान्वयन सम्बन्धी रिपोर्ट तैयार करनी होगी, जिसकी एक प्रति राज्य सरकार को राज्य विधान सभा में प्रस्तुत करने हेतु भेजनी होगी।

अध्याय – 2

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की मुख्य विशेषताएं

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को बोलने के अधिकार तथा जीवनयापन के अधिकार के आधार पर तैयार किया गया है जिसका देश में शासन व्यवस्था पर सीधा प्रभाव पड़ता है। यह अधिनियम प्रत्येक नागरिक के लिए सार्वजनिक प्राधिकरणों के अधीन, सूचना का अधिकार प्राप्त करने हेतु एक वैद्य संस्थागत रूपरेखा को व्यवहार्य बनाता है। आम जनता को सशक्त बनाने तथा सार्वजनिक प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता तथा उत्तरदायिता के दृष्टिगत यह एक मार्गदर्शक विधान है। इस अधिनियम में, नागरिकों को सूचना से अवगत करवाना तथा सभी सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा प्रर्याप्त मात्रा में सार्वजनिक सूचना अधिकारियों (पी.आई.ओ.) तथा सहायक सार्वजनिक सूचना अधिकारियों (ए.पी.आई.ओ) को पदनामित करने का प्रावधान है ताकि सूचना से सम्बन्धित जनता के आवेदनों पर निश्चित समय अवधि के भीतर विचार किया जा सके। अधिनियम में सार्वजनिक सूचना अधिकारियों के निर्णयों के विरूद्ध वरिष्ठ अधिकारियों को अपील करने का भी प्रावधान है। इसके अन्तर्गत केन्द्रीय सूचना आयोग तथा राज्य सूचना आयोगों का गठन भी अनिवार्य है ताकि शिकायतों की जांच, दूसरी अपील की सुनवाई, तथा अधिनियम के कार्यान्वयन सम्बन्धी मार्गदर्शन भी हो सके। अधिनियम की कुछ मुख्य विशेषताएं आगामी पैरा में दी गई है।

सूचना तक पहुंच

2. इस अधिनियम के अन्तर्गत सूचना तक पहुंच का व्यापक प्रावधान है जिसमें न्यूनतम छूट भी प्रावधानित है। अधिनियम में प्रावधान है कि किसी भी सार्वजनिक प्राधिकरण से, किसी कारण का उल्लेख किये बिना, कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त कर सकता है। अधिनियम के अन्तर्गत छूट के प्रावधान के तहत ही सूचना देने के लिए इनकार किया जा सकता है। स्थापित, गठित, स्वामित्व में, नियन्त्रित अथवा सरकार द्वारा वित्तपोषित (गैर–सरकारी संगठनों सहित) सभी निकाय सार्वजनिक प्राधिकरणों में शामिल है। इस प्रकार अधिनियम का फलक बहुत व्यापक है।

रिकॉर्ड प्रबन्धन तथा सूचना का स्वैच्छिक प्रकटीकरण

3. इस अधिनियम में प्रावधान है कि सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा उपयुक्त समय अवधि के भीतर सभी रिकॉर्ड कॅम्प्यूटरीकृत किया जाए तथा अधिसूचना तिथि से 120 दिनों के भीतर अपनी विभिन्न पहलुओं सम्बन्धी सूचना का स्वैच्छिक प्रकटीकरण किया जाये। स्वैच्छिक प्रकटीकरण को प्रति वर्ष अद्यतन करने का भी प्रावधान है। ऐसा करने से रिकॉर्ड प्रबन्धन पद्धति का पुनरावलोकन किया जाना आवश्यक होगा तथा विभिन्न वर्गीय रिकॉर्ड को संचित रखने सम्बन्धी पुनिरीक्षण भी आवश्यक होगा। इससे रिकॉर्ड प्रबन्धन सम्बन्धी वैद्य रूपरेखा में परिवर्तन की भी आवश्यकता पड़ सकती है।

पी.आई.ओ., ए.पी.आई.ओ. तथा अपील प्राधिकारी

4. सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा जनता को अपेक्षित सूचना प्रदान करने के लिए पर्याप्त मात्रा में सार्वजनिक सूचना अधिकारी पदनामित किए जाने का प्रावधान इस अधिनियम में हैं। उन द्वारा सहायक सार्वजनिक सूचना अधिकारी भी उप–मण्डल अथवा उप–जिला स्तर पर पदनामित किया जाना जरूरी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जनता को सूचना सम्बन्धी अपने आवेदन सार्वजनिक सूचना अधिकारियों को देने के लिए लम्बी दूरियां तय न करनी पड़े। उनके आवेदन सहायक सार्वजनिक सूचना अधिकारियों द्वारा ही प्राप्त किए जाएंगे और वे उन्हें सार्वजनिक सूचना अधिकारियों को भेजने के लिये उतरदायी होंगे। सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा अधिनियम की धारा 19 के अन्तर्गत अपील प्राधिकारी भी पदनामित किए जाने का भी प्रावधान है।

पी.आई.ओ./अपील प्राधिकारी द्वारा तर्कसंगत आदेश

5. आवेदकों के आवेदनों को रद्द करने अथवा आवेदकों को अपेक्षित सूचना प्रदान करते समय सार्वजनिक सूचना अधिकारियों द्वारा तर्कसंगत आदेश जारी किए जाने का अधिनियम में प्रावधान है। ऐसे आदेशों में आवेदक को मामले की स्थिति स्पष्ट की जाएगी ताकि अपील प्राधिकारी आवेदन को रद्द करने के कारण को जान सके अथवा अपेक्षित शुल्क के आधार से भी अवगत हो सके। इसी प्रकार अपील प्राधिकारियों द्वारा भी स्पष्ट तथा तर्कसंगत आदेश जारी करना आवश्यक होगा।

आवेदनों का सुनिश्चित समयावधि के भीतर निपटान

6. इस अधिनियम की अपेक्षा है कि आवेदक द्वारा मांगी गई सूचना सार्वजनिक सूचना अधिकारी द्वारा उसे सुनिश्चित समय सीमा के भीतर प्रदान करें। समय सीमा आवश्यकतानुसार 30 से 45 दिन तक हो सकती है। यदि आवेदन किसी अन्य सार्वजनिक प्राधिकारी से सम्बन्धित हो तो प्राप्ति के 5 दिनों के भीतर आवेदन सम्बन्धित सार्वजनिक प्राधिकारी को हस्तान्तरित किया जाएगा। सम्बन्धित सार्वजनिक प्राधिकारी के लिए मामले के निपटान हेतु समय सीमा आवेदन प्राप्ति की तिथि से आरम्भ होगी। अपील प्राधिकारियों द्वारा भी अपीलों का निपटान सुनिश्चित समय अवधि के भीतर किया जाएगा।

सूचना आयोग

7. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में प्रावधान है कि अधिनियम की शक्तियों का प्रयोग करने हेतु क्रमशः केन्द्रीय सूचना आयोग तथा राज्य सूचना आयोग का गठन किया जाए। प्रत्येक आयोग एक स्वैच्छिक संस्था के रूप में कार्य करेगा और इसे दी हुई शक्तियों का प्रयोग करेगा तथा नियम के अन्तर्गत इसे सौंपे गए कार्यों का निष्पादन करेगा। आयोग के क्रिया–कलापों सम्बन्धी सामान्य अधीक्षण, निर्देशन तथा प्रबन्धन की शक्तियां मुख्य सूचना आयुक्त में निहित होंगी। अधिनियम के अन्तर्गत शिकायतों की जांच पड़ताल करते समय लोगों को बुलाने तथा रिकॉर्ड इत्यादि को प्रस्तुत करने के लिए आयोग नागरिक न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा। देश में सूचना के अधिकार की व्यवस्था के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु इन आयोगों को स्थापित करना अधिनियम की मुख्य विशेषताओं में से एक है।

दण्डारोपण

8. इस अधिनियम में प्रावधान है कि शिकायत अथवा याचिका पर निर्णय देते समय आयुक्त दोषी सार्वजनिक सूचना अधिकारियों पर 250/– रूपये प्रतिदिन के हिसाब से दंडारोपण कर सकता है, यदि वे बिना किसी उपयुक्त कारण के दोषी पाए जाते हैं। दण्ड की राशि अधिकतम 25,000/– रूपये तक हो सकती है। ऐसा निम्नलिखित परिस्थितियों में किया जा सकता हैः–

- सूचना के लिए आवेदन को प्राप्त करने के इनकार किया गया हो अथवा
- सुनिश्चित समय अवधि के भीतर सूचना प्रदान न की गई हो अथवा
- बदनीयती से सूचना हेतु आवेदन को नकारा गया हो अथवा
- जानबूझ कर गलत/अधूरी अथवा भ्रामक सूचना दी गई हो अथवा
- उस सूचना को नष्ट कर दिया गया हो जिसके लिए ओवदन किया गया है अथवा
- सूचना प्रदान करने में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न की हो।

असंदिग्ध मामलों में आयोग दोषी सार्वजनिक सूचना अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कारवाई की संस्तुति भी कर सकता है।

नियम बनाने की शक्तियां

9. यह अधिनियम उपयुक्त सरकारों तथा अन्य सक्षम प्राधिकरणों को अधिनियम के प्रावधानों को संचालित करने के लिए नियम बनाने की शक्तियां प्रदान करता है।

अधिनियम के अभिभावी प्रभाव

10. इस अधिनियम में ऐसा प्रावधान है कि शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 तथा किसी अन्य कानून, जो प्रवृत हो अथवा किसी अन्य दस्तावेज, जो इस अधिनियम के अतिरिक्त किसी कानून द्वारा प्रभावी हो, में किसी बात के अननुरूप होते हुए भी इस अधिनियम के प्रावधान प्रभावी रहेंगे।

न्यायालयों का क्षेत्राधिकार रोध

11. अधिनियम की धारा 23 में प्रावधान है कि इस अधिनियम के अनतर्गत दिये गये किसी भी आदेश के सम्बन्ध में कोई भी न्यायालय किसी मुकदमे, आवेदन अथवा अन्य कार्यवाही पर विचार नहीं करेगा तथा ऐसे किसी भी मामले पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया जा सकेगा जब तक इस अधिनियम के अन्तर्गत याचिका दायर न की गई हो।

अनुश्रवण तथा रिपोर्ट

12. अधिनियम की धारा 25 के प्रावधानों के अनुरूप राज्य सूचना आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ष के दौरान अधिनियम के कार्यन्वियन सम्बन्धी वार्षिक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। यह वार्षिक रिपोर्ट राज्य विधान सभा में प्रस्तुत करने हेतु आयोग द्वारा राज्य सरकार को भेजी जाएगी।

अध्याय–3

अधिनियम के अन्तर्गत बनाए गए नियम

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 प्रत्येक नागरिक के पास एक ऐसा हथियार है जिसके माध्यम से वह, किसी कारण का उल्लेख किए बिना, किसी भी सूचना को प्राप्त करने हेतु प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकरण का दरवाजा खटखटा सकता है। इस अधिनियम के प्रावधानों को सफलतापूर्वक एवं प्रभावी रूप से कार्यान्वित करने हेतु राज्य सरकार तथा प्रदेश में अन्य सक्षम प्राधिकरणों द्वारा नियम अधिसूचित किए गए हैं। ''हिमाचल विधान सभा सचिवालय सूचना का अधिकार (शुल्क तथा लागत विनियम) नियम, 2006,'' 15 जून 2006 को अधिसूचित किए गए, ''हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय सूचना का अधिकार नियम, 2005'' 30 नवम्बर, 2005 को अधिसूचित किए गए तथा ''हि.प्र. सूचना का अधिकार नियम, 2006'' राज्य सरकार द्वारा 21 जनवरी, 2006 को अधिसूचित किए गए। ये नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू हो गए हैं। इन नियमों की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख आगामी पैरा में किया गया है।

2. इन नियमों में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी प्रकार की सूचना चाहता हो अथवा किसी रिकॉर्ड को देखना चाहता हो, तो वह इस हेतु निर्धारित शुल्क की अदायगी के साक्ष्य की प्रति सहित निर्धारित प्रपत्र पर सम्बन्धित सार्वजनिक प्राधिकरण द्वारा नामित सार्वजनिक सूचना अधिकारी/सहायक सार्वजनिक सूचना अधिकारी को आवेदन कर सकता है। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले व्यक्तियों को अपेक्षित सूचना अथवा रिकॉर्ड देखने हेतु किसी शुल्क देने की आवश्यक्ता नहीं होगी।

3. इन नियमों में प्रावधान है कि आवेदक द्वारा प्रत्येक विषय तथा प्रत्येक वर्ष से सम्बंधित सूचना प्राप्त करने के लिए अलग–अलग आवेदन पत्र देने होंगे। आवेदक द्वारा यदि अतिरिक्त शुल्क का भुगतान किया जाना हो तो उसकी सूचना सम्बन्धित प्राधिकारी, जिससे सूचना मांगी जा रही हो, द्वारा आवेदक को दी जायेगी।

4. नियमों में यह भी प्रावधान है कि प्रदत्त सूचना के प्रत्येक पृष्ठ/पेज को सूचना प्रदान करने वाले अधिकारी के तिथि युक्त हस्ताक्षरों तथा मोहर द्वारा प्राधिकृत किया जायेगा और उस पर आवेदक का नाम भी अंकित किया जायेगा।

5. यह नियम दस्तावेज प्रदान करने तथा दस्तावेजों को देखने हेतु निम्न प्रकार से शुल्क निर्धारित करते हैः–

क्रमांक	सूचना विवरण	कीमत/शुल्क रूपयों में
1	आवेदन सहित शुल्क	रू0 10/– प्रति आवेदन पत्र
2	जहां सूचना समूल्य प्रकाशन के रूप में अपलब्ध हो	प्रकाशित मूल्य पर
3	समूल्य प्रकाशनों के अतिरिक्त	ए–4 आकार तथा इससे छोटे आकार के लिए 10/– रूपये प्रति पृष्ठ तथा बड़े आकार के लिए वास्तविक लागत जो कम से कम रू0 20/– प्रतिपृष्ठ होगी
4	जहां सूचना इलेक्ट्रोनिक रूप में उपलब्ध हो और इलैक्ट्रानिक रूप में प्रदान की जानी हो जैसे फ्लापी, सी0डी0 इत्यादि	रू0 50/– प्रति फ्लापी और रू0 100/– प्रति सी0डी0
5	रिकॉर्ड/दस्तावेजों को देखने के लिए शुल्क	रू0 10/– प्रति 15 मिनट अथवा इसके अंश के लिए

6. शुल्क/प्रभार लेखाशीर्ष ''0070–ओ.ए.एस., 60–ओ.एस., 800–ओ.आर., 11–सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत प्राप्तियां'' के तहत सरकारी खजाने में जमा किए जायेंगे। इन नियमों में एक संशोधन द्वारा सम्बन्धित विभाग/सार्वजनिक प्राधिकरण को देय बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अदायगी करने की अनुमति दी गई है। इस शीर्ष में जमा धन यन्त्रों तथा उपभोग्य वस्तुओं की खरीद, स्टाफ को प्रशिक्षण इत्यादि प्रदान करने सहित अधिनियम के प्रयोजन को आगे बढ़ाने के लिए व्यय किया जायेगा।

7. इन नियमों में सम्बन्धित सार्वजनिक प्राधिकारी द्वारा नामित याचिका दायर करने की प्रक्रिया भी निर्धारित की गई है। याचिका पत्रक में याचिकाकर्ता तथा उस सार्वजनिक सूचना अधिकारी का नाम और पता होना चाहिए जिसके निर्णय के विरूद्ध याचिका दायर की जा रही हो। इसके साथ–साथ उस आदेश का ब्योरा, जिसके विरूद्ध याचिका की जा रही हो तथा संक्षिप्त रूप में तथ्यों का उल्लेख भी किया जायेगा। याचिका यदि अस्वीकृत मान लेने के उलक्ष्य में दायर की जा रही हो तो आवेदन पत्र के मसौदे में

संख्या व तिथि, उस सार्वजनिक सूचना अधिकारी का नाम व पता जिसे आवेदन दिया गया था, का उल्लेख याचिकाकर्ता द्वारा शामिल किया जाना होगा। याचिकाकर्ता को प्रार्थना अथवा मांगी गई राहत का स्पष्ट उल्लेख करना होगा और साथ में सत्यापन सहित प्रार्थना अथवा राहत हेतु आधार का भी उल्लेख किया जाना होगा।

8. सुनवाई की तिथि पर यदि कोई भी पक्षकार उपस्थित न हो तो याचिका प्राधिकरण अथवा राज्य सूचना आयोग याचिका के गुण दोष के आधार पर एक तरफा निर्णय दे सकता है। याचिका पत्रक में उठाई गई किसी आपत्ति जिसका निराकरण न किया गया हो, के बारे याचिकाकर्ता न तो कोई निवेदन करेगा और न ही उसकी सुनवाई की जायेगी। परन्तु याचिका पर निर्णय देते समय याचिका पत्रक में उल्लिखित आधारों तक ही स्वयं को सीमित रखने के लिए याचिका प्राधिकारी या आयोग बाध्य नहीं होगा। नियमों में यह भी प्रावधान है कि राज्य सूचना आयोग अपनी दिन–प्रतिदिन की कार्यवाहियों के सम्बन्ध में विनियम बना सकता है।

अध्याय–4

अधिनियम का कार्यान्वयन

राज्य सरकार द्वारा 4 फरवरी, 2006 को राज्य सूचना आयोग का गठन किया गया। आयोग ने शिमला स्थित अपने मुख्यालय से प्रथम मार्च, 2006 से कार्य करना आरम्भ किया। इस दिन राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त ने पद की शपथ ली और कार्यभार ग्रहण किया। राज्य सूचना आयोग के कार्यालय के लिए राज्य सचिवालय के आर्मज़डेल भवन में जगह दी गई है और वर्ष के दौरान राज्य सरकार के सचिवालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुविधाएं भी जुटाई गई।

2 प्रथम मार्च, 2006 से 31 मार्च, 2006 की अवधि के दौरान निम्नलिखित सात जिलों में निवास कर रहे आवेदकों से राज्य सूचना आयोग को 20 आवेदन/प्रतिवेदन प्राप्त हुए:–

क्रमांक	जिला	आवेदन/प्रतिवेदनों की संख्या
1	हमीरपुर	3
2	कांगड़ा	4
3	मण्डी	1
4	शिमला	5
5	सोलन	4
6	सिरमौर	2
7	ऊना	1
	कुल	**20**

ये आवेदन/प्रतिवेदन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 तथा हिमाचल प्रदेश सूचना का अधिकार नियम, 2006 के प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही हेतु सम्बन्धित प्राधिकारियों को अग्रेषित किए गए। सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा इन सभी प्रतिवेदनों/आवेदनों पर समुचित कारवाई कर ली गई है।

3. रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा आयोग के सम्मुख कोई याचिका दायर नहीं की गई। इस अवधि के दौरान किसी सार्वजनिक सूचना अधिकारी पर न तो कोई दण्डारोपण हुआ है और न ही किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कोई संस्तुति की गई है।

4. दिनांक 31–3–2006 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान अधिनियम के अन्तर्गत 22 सार्वजनिक प्राधिकरणों में 106 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 26 का निपटारा 31 मार्च, 2006 से पूर्व कर लिया गया। अन्य सार्वजनिक प्राधिकरणों में कोई आवेदन प्राप्त नही हुआ। मात्र एक याचिका गृह विभाग में मार्च, 2006 के महीने में प्राप्त हुई जो 31.3.2006 को लम्बित थी। वर्ष के दौरान विभिन्न सार्वजनिक प्रधिकरणों के माध्यम से मु. 7344/– रूपये शुल्क के रूप में एकत्रित किए गए। आवेदनों, याचिकाओं तथा एकत्रित किए गए शुल्क इत्यादि का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है:–

क्रमांक	विभाग/ सार्वजनिक प्राधिकरण का नाम	प्राप्त आवेदनों की संख्या	निर्णयों की संख्या	प्रथम याचिका की संख्या	एस.सी.आई. को संदर्भित याचिकाएं	एकत्रित किया गया शुल्क रू. में
1	लोक निर्माण	3	.	.	.	80.00
2	गृह	7	2	1	.	1100.00
3	कॉर्मिक प्रशासन	3	.	.	.	.
4	कृषि	4	2		.	768.00
5	सचिवालय प्रशासन	1	1	.	.	10.00
6	पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड	1	.	.	.	10.00
7	पंजियक सहकारी सभाएं	3	1	.	.	210.00
8	उद्योग	14	6	.	.	1660.00
9	लोकायुक्त एवं मानवाधिकार आयोग	2	.	.	.	20.00
10	लोक सेवा आयोग	14	8	.	.	90.00
11	ग्रामीण विकास	1	.	.	.	.
12	सैनिक कल्याण	1	.	.	.	164.00

13	जनजातीय विकास	13	.	.	.	1806.00
14	व्यवसायिक एवं औद्यौगिक प्रशिक्षण (टी. ई.) सुन्दरनगर	1	1	.	.	.
15	आवास एंव शहरी विकास	7	.	.	.	20.00
16	आयुक्त ऊना	2	2	.	.	.
17	राजस्व विभाग	16	1	.	.	795.00
18	आयुर्वेद	1	1	.	.	.
19	उपायुक्त सोलन	3	.	.	.	155.00
20	शहर एवं नगर आयोजन	5	.	.	.	378.00
21	योजना विभाग	1	.	.	.	.
22	एच. पी. एस. ई. बी.	3	1	.	.	80.00
	कुल	**106**	**26**	**1**	**.**	**7344.00**

5. अधिनियम की धारा 4(1)(बी.) के प्रावधान के अनुरूप इस अधिनियम के लागू होने के 120 दिनों के भीतर यानि 12 अक्तूबर, 2005 तक प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकरण द्वारा अपने कार्य के विभिन्न पहलुओं बारे ऐच्छिक प्रकटीकरण किया जाना आपेक्षित था। लेकिन वित्त वर्ष की समाप्ति तक केवल 24 सार्वजनिक प्राधिकरण ही ऐसा प्रकटीकरण कर पाये। अन्य सार्वजनिक प्राधिकरण अधिनियम की इस धारा के अनुरूप प्रकटीकरण की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रहे थे। दिनांक 31.3.2006 तक इस धारा के अन्तर्गत ऐच्छिक प्रकटीकरण करने वाले सार्वजनिक प्राधिकरणों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

क्रमांक	सार्वजनिक प्राधिकरण का नाम	प्रकटीकरण तिथि
1	हि. प्र. सचिवालय (सचिवालय प्रशासन)	07.10.2005
2	हि. प्र. सचिवालय (सामान्य प्रशासन)	11.10.2005
3	अतिथ्य एवं नयाचार विभाग	11.10.2005
4	सैनिक कल्याण विभाग	11.10.2005
5	अग्नि शमन सेवा विभाग	09.12.2005

6	राज्य सहकारी सभाएं विभाग	26.11.2005
7	मत्स्य पालन विभाग	29.10.2005
8	पशुपालन विभाग	06.12.2005
9	उद्यान विभाग	31.03.2006
10	शहर एवं नगर आयोजन विभाग	16.01.2006
11	जनजातीय विकास विभाग	06.10.2005
12	अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग	19.10.2005
13	आरम्भिक शिक्षा विभाग	07.10.2005
14	उच्च शिक्षा विभाग	07.10.2005
15	विद्युत निरीक्षालय	17.12.2005
16	हि. प्र. प्रशासनिक अधिकरण	07.02.2006
17	हि. प्र. अपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग	26.10.2005
18	हि. प्र. विद्युत नियामक आयोग	08.11.2005
19	हि. प्र. ऊन प्रापण एवं विपणन सहकारी संघ (सीमित)	22.12.2005
20	हि. प्र. दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ	07.02.2006
21	मण्डलायुक्त शिमला	11.10.2005
22	मण्डलायुक्त मण्डी	10.02.2006
23	मण्डलायुक्त कांगड़ा	18.11.2005
24	उपायुक्त शिमला	30.12.2005

6. अधिनियम की धारा 5 तथा 19 के अनुसार सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा अधिनियम के लागू होने से 100 दिनों के भीतर सार्वजनिक सूचना अधिकारियों, सहायक सार्वजनिक सूचना अधिकारियों तथा याचिका प्राधिकारियों को नामित किया जाना अपेक्षित था। सार्वजनिक प्राधिकरणों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार वर्ष समाप्ति से पूर्व 64 सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा पी.आई.ओ., ए.पी.आई.ओ. तथा याचिका प्राधिकारी नामित कर दिये गए थे। अन्य सार्वजनिक प्राधिकरण पी.आई.ओ./ए.पी.आई.ओ. तथा याचिका प्राधिकारियों को

पदनामित करने हेतु प्रक्रियारत थे। वर्ष समाप्ति से पूर्व पी.आई.ओ., ए.पी.आई.ओ. तथा याचिका प्राधिकारी पदनामित करने वाले सार्वजनिक प्राधिकरणों का ब्योरा निम्न प्रकार से है:–

क्रमांक	सार्वजनिक प्राधिकरण का नाम	पदनामन तिथि
1	राज्यपाल सचिवालय	06.12.2005
2	हि. प्र. सचिवालय (लोक निर्माण)	11.10.2005
3	हि.प्र. सचिवालय (राजस्व)	06.10.2005
4	हि.प्र. सचिवालय (सचिवालय प्रशासन)	07.10.2005
5	हि.प्र. सचिवालय (सामान्य प्रशासन)	11.10.2005
6	हि.प्र. सचिवालय (सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य)	07.10.2005
7	आतिथ्य एवं नयाचार विभाग	06.10.2005
8	महाधिवक्ता कार्यालय	24.10.2005
9	आबकारी एवं कराधान विभाग	03.11.2005
10	खाद्य एवं आपूर्ति	24.10.2005
11	शहरी विकास विभाग	29.09.2005
12	पशुपालन विभाग	06.12.2005
13	मत्स्य पालन विभाग	28.09.2005
14	उद्यान विभाग	04.10.2005
15	वन विभाग	20.12.2005
16	वन विभाग (सी.सी.एफ. वन्यप्राणी)	20.03.2006
17	पंचायती राज विभाग	26.11.2005
18	शहर एवं नगर आयोजन विभाग	07.11.2005
19	युवा सेवाएं एवं खेल विभाग	10.11.2005
20	निर्वाचन विभाग	31.10.2005
21	राजस्व विभाग	06.10.2005
22	भारतीय औषधि पद्धति विभाग	15.10.2005
23	शिक्षा विभाग	07.10.2005
24	तकनीकी शिक्षा विभाग	31.10.2005
25	आरम्भिक शिक्षा विभाग	07.10.2005

क्रमांक	सार्वजनिक प्राधिकरण का नाम	पदनामन तिथि
26	अग्नि शमन सेवा विभाग	09.12.2005
27	सहकारी सभाएं विभाग	03.10.2005
28	अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग	26.09.2005
29	जनजातीय विकास विभाग	06.10.2005
30	लोक निर्माण विभाग	28.09.2005
31	हिमऊर्जा	29.10.2005
32	बन्दोबस्त कार्यालय	07.10.2005
33	जिला गेज़टियर	06.12.2005
34	विद्युत निरीक्षणालय	17.11.2005
35	प्रवर्तन विभाग	21.11.2005
36	सतर्कता विभाग	01.10.2005
37	जेल एवं कारागार विभाग	24.10.2005
38	अभियोजन निदेशालय	27.09.2005
39	लघु बचत निदेशालय	01.10.2005
40	भू–अभिलेख विभाग	08.02.2006
41	पर्वतारोहण निदेशालय	23.12.2005
42	हि. प्र. लोक सेवा आयोग	19.01.2006
43	हि. प्र. प्रशासनिक अधिकरण	04.02.2006
44	हि. प्र. राज्य विद्युत नियामक आयोग	08.11.2005
45	हि. प्र. राज्य महिला आयोग	17.12.2005
46	हि. प्र. उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग	17.12.2005
47	हि. प्र. राज्य विद्युत बोर्ड	26.09.2005
48	हि. प्र. कृषि उत्पाद विपणन बोर्ड	07.12.2005
49	हि. प्र. एस. एस. एस. बोर्ड	09.11.2005
50	एच. पी. एम. सी.	27.09.2005
51	हिमाचल पथ परिवहन निगम	05.12.2005
52	हि. प्र. एस. सी. व एस. टी. विकास निगम	31.10.2005
53	हि. प्र. अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम	07.10.2005
54	हि. प्र. पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम	27.12.2005

क्रमांक	सार्वजनिक प्राधिकरण का नाम	पदनामन तिथि
55	हि. प्र. कृषि उद्योग निगम	29.10.2005
56	हि. प्र. दुग्ध सहकारी संघ	07.02.2006
57	हि. प्र. ऊन संघ, शिमला	22.12.2005
58	हि. प्र. विश्व विद्यालय शिमला	15.10.2005
59	डा. वाई.एस. परमार बागवानी एवं बानिकी विश्वविद्यालय	03.03.2006
60	सी. एस. के. हि. प्र. कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर	09.02.2006
61	उपायुक्त शिमला	30.12.2005
62	उपायुक्त मण्डी	13.10.2005
63	उपायुक्त कांगड़ा	11.10.2005
64	उपायुक्त हमीरपुर	20.03.2006

7. अधिनियम की धारा 26 की उपधारा (1) में प्रावधानित है कि वित्तीय तथा अन्य संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप राज्य सरकार :–

(क) जनता में जागरूकता लाने के उदेश्य से शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा विकास करेगी, विशेषकर अभावग्रस्त समुदायों में इस अधिनियम के अन्तर्गत आपेक्षित अधिकारो के प्रयोग के प्रति जागरूकता लाने हेतु।

(ख) खण्ड (क) में उल्लिखित कार्यक्रम आयोजन एवं विकास में सार्वजनिक प्रधिकरणों की सहभागिता तथा ऐसे कार्यक्रमों को उन्हें स्वयं आयोजित करने हेतु प्रोत्साहित करना।

(ग) सार्वजनिक प्राधिकरणों की गतिविधियों सम्वन्धी सही सूचना के प्रभावी तथा समय पर प्रसार हेतु प्रोत्साहित करना, तथा

(घ) सार्वजनिक सूचना अधिकारियों को प्रशिक्षित करना तथा सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा स्वंय आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री तैयार किया जाना।

8. इस अधिनियम के उपरोक्त प्रावधानों के अनुपालन में हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान द्वारा 31–3–2006 तक पी.आई.ओ./ए.पी.आई.ओ. तथा राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों के लिए चार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रथम दिसम्बर, 2005 को राज्य सचिवालय में प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों तथा अन्य अधिकारियों के लिए एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। फिर भी, अधिनियम की धारा 26 की उपधारा (1) के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा और कार्रवाई की जानी है, विशेषकर इस अधिनियम के अन्तर्गत अपेक्षित अधिकार को प्रयोग करने सम्बधी जानकारी प्रदान करना तथा सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा प्रयोग करने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना।

अध्याय –5

प्रेक्षण एवं संस्तुतियां

इस रिपोर्ट में पहले भी उल्लेख किया गया है कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005, 12 अक्तूबर, 2005 से लागू हो गया है। लेकिन इस अधिनियम के कुछ उपबन्ध, जिनमें नियम बनाने की शक्तियाँ भी शामिल है, 15 जून, 2005 से लागू हो गए थे। परिणाम स्वरूप राज्य सरकार और दूसरे सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अधिनियम के विभिन्न उपबन्धों को लागू करने के लिए, अधिनियम के अधिन शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नियमों को अधिसूचित किया गया। हिमाचल प्रदेश सूचना का अधिकार नियम, 2006 राज्य सरकार द्वारा 21 जनवरी, 2006 को अधिसूचित किया गया। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय सूचना का अधिकार नियम, 30 नवम्बर, 2005 को अधिसूचित किया गया तथा हिमाचल विधान सभा सचिवालय सूचना का अधिकार (शुल्क एवं लागत का विनियम) नियम, 2006, 15 जून, 2006 को अधिसूचित किया गया। राज्य सरकार द्वारा 4 फरवरी, 2006 को राज्य सूचना आयोग का गठन किया गया जिसने प्रथम मार्च, 2006 से अपना कार्य आरम्भ कर दिया। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन कुछेक ही आवेदन दायर हुए। इस अधिनियम के अन्तर्गत देय शुल्क दर निर्धारण सम्बन्धी नियमों को विलम्ब से अधिसूचित करना इसका एक कारण रहा है। इस अधिनियम के अन्तर्गत कम संख्या में दायर हुए आवेदनों का दूसरा कारण अधिनियम के उपबन्धों के पर्याप्त प्रचार–प्रसार की कमी हो सकती है।

2. राज्य सूचना आयोग ने पाया है कि पी.आई.ओ./ए.पी.आई.ओ. में अधिनियम और नियमों के उपबन्धों बारे जागरूकता की कमी के कारण कुछेक मामलों में आवेदकों को सूचना देने में विलम्ब हुआ है। वर्ष के दौरान हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान ने अधिनियम और नियमों के विभिन्न उपबन्धों बारे पी.आई.ओ. तथा ए.पी.आई.ओ. को जानकारी प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए तथापि राज्य के पी.आई.ओ. तथा ए.पी. आई.ओ. के एक छोटे से प्रतिशत को ही इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत लाया जा सका। राज्य में पी.आई.ओ. तथा अपील प्राधिकारियों की बड़ी संख्या के दृष्टिगत वित्त बर्ष 2006–07 की समाप्ति से पूर्व इन सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान में उपलब्ध प्रशिक्षण सुविधाएं पर्याप्त नहीं होगी। अतः यह आवश्यक होगा कि राज्य की अन्य प्रशिक्षण संस्थाओं को भी इन अधिकारियों को अधिनियम तथा नियमों बारे प्रशिक्षण के कार्यक्रम में जोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त अधिनियम एवं नियमों के अन्तर्गत

विभिन्न उपबन्धों बारे सामान्य जागरूकता बढानें के उद्धेश्य से सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों, विशेषत¢ पंचायती राज संस्थानों (पी.आर.आई.) तथा शहरी स्थानीय निकायों (यू.एल.बी.) के निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए राज्य के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एक प्रशिक्षण सत्र इस अधिनियम तथा नियमों के लिए रखा जा सकता है। ऐसा करने से पी.आर.आई. तथा यु.एल.बी. के निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से राज्य की आम जनता में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 तथा इसके अन्तर्गत नियमों बारे जागरूकता पैदा करने की प्रत्याशा है। लेकिन पर्याप्त वित्तिय सहायता के अभाव में हिमाचल लोक प्रशासन संस्थान सहित इन प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना मुश्किल होगा इसलिए राज्य सरकार को चाहिए कि वह हिमाचल लोक प्रशासन संस्थान तथा अन्य प्रशिक्षण संस्थानों को धन प्रदान करें ताकि पी.आई.ओ./ए.पी. आई.ओ. तथा अपील प्राधिकारियों को एक र्निधारित समय सीमा के भीतर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके और ये अधिकारी सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों पर अधिनियमों द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सक्षम हो सके।

3. रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान विभिन्न सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा अधिनियम की धारा 5 तथा 19 के अधीन पी.आई.ओ./ए.पी.आई.ओ./अपिल प्राधिकारियों को पदनामित करने सम्बन्धी कार्य निष्पादन किसी हद तक सन्तोषजनक रहा है। परन्तु अधिनियम की धारा 4 (1) बी के अन्तर्गत स्वैच्छिक प्रकटीकरण सम्बन्धी प्रावधान का कार्य निष्पादन बहुत सन्तोषजनक नहीं रहा इसलिए सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठा कर यह सुनिश्चित किया जाना होगा कि चालु वर्ष अर्थात 31.03.2007 से पूर्व अद्यतन स्वैच्छिक प्रकटीकरण सम्बन्धी कार्य पूरा कर लिया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकरण द्वारा पी.आई.ओ./ए. पी.आई.ओ. तथा अपील प्राधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में पदनामित कर दिया गया है।

4. आयोग के घ्यान में यह बात भी लाई गई है कि सार्वजनिक प्राधिकरण द्वारा पदनामित पी.आई.ओ./ए.पी.आई.ओ. की सूची सार्वजनिक प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालयों में उपलब्ध नहीं है। इसलिए आवेदकों को अधिनियम के अन्तर्गत आवेदन पत्र दायर करने के लिए इन प्राधिकरणों के जिला स्तरीय कार्यालयों और कभी–कभी राज्य सूचना आयुक्त के कार्यालयों से पी.आई.ओ./ए.पी.आई.ओ. के नाम व पता करने के लिए सम्पर्क करना पडता है। अत¢ सार्वजनिक प्राधिकरण यह सुनिश्चित करे कि इसके क्षेत्रीय कार्यालयों में

पदनामित पी.आई.ओ./ए.पी.आई.ओ. के बारे पूरा विवरण उपलब्ध हो। जिन विभागों/सार्वजनिक प्राधिकरणों का जनता के साथ ज्यादा सम्पर्क रहता है वे यह सुनिश्चित करें कि जिला से सम्बन्धित यह विवरण जिला स्तरीय कार्यालय में सूचना पट पर उपलब्ध रहे।

5. आयोग के ध्यान में यह भी लाया गया है कि अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क चालान के माध्यम से खजाने में जमा करवाना कठिन है और इसमें समय भी नष्ट होता है। अत¢ सरकार द्वारा शुल्क को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करवाने के आदेश जारी कर इसका समाधान करने के प्रयास किया गया है। फिर भी आवेदकों द्वारा प्राधिकरणों से 10/– रूपये का बैंक ड्राफ्ट बनाने हेतु भारी लागत बारे मुद्दा उठाया जा रहा है। इसलिए सरकार शुल्क की अदायगी नकदी अथवा भारतीय पोस्टल ऑर्डर के माध्यम से करने पर विचार करें। राज्य सरकार यह भी विचार करे कि उन विभागों/सार्वजनिक प्राधिकरणों जिनके क्षेत्रीय कार्यालयों में आहरण एवं वितरण अधिकारी नहीं है उन से सम्बन्धित खजाना चालानों पर अन्य विभागों/सार्वजनिक प्राधिकरणों के आहरण – वितरण अधिकारी हस्ताक्षर कर सकें। ऐसा करने से आवेदकों विशेष कर जो दूर–दराज के क्षेत्रों में रहते हैं को राहत मिलेगी।

6. अधिसूचित नियमों के अन्तर्गत रिकार्ड/दस्तावेज को देखने के लिए दस रूपये प्रति पंद्रह मिनट अथवा इस की अशं की दर से शुल्क निर्धारित किया गया है। इस सम्बन्ध में जनता से प्रतिवेदन प्राप्त हो रहे हैं कि यह शुल्क विशेषत¢ भारत सरकार द्वारा निर्धारित दरों के मुकाबले अधिक है। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित रिकार्ड/दस्तावेज को देखने की दर 40/– रूपये प्रति घण्टा बनती है जबकि भारत सरकार द्वारा 5/– रूपये लिए जा रहे हैं। एक सार्थक निरिक्षण के दृष्टिगत इस प्रावधान को सशोंधित करने हेतु पर्याप्त औचित्य प्रतीत होता है। इसलिए यह संस्तुति की जाती है कि निरीक्षण की अवधि को वढ़ा कर कम से कम 30 मिनट अथवा इसका अंश कर दिया जाए जो वर्तमान नियमों में 15 मिनट अथवा इस का अंश है।

7. अधिनियम की धारा 4 (1)(ए) में प्रावधान है कि प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकरण¢–

- रिकार्ड को विषय सूचि सहित सूचिवद्ध करे ताकि अधिनियम के अन्तर्गत सूचना का अधिकार आसान हो सके तथा

- यह सुनिश्चित करे कि समस्त रिकार्ड जो कम्प्युटरीकृत करने योग्य हो तथा उपयुक्त समयावधि एवं संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप कम्प्युटरीकृत किया जाए तथा पुरे देश में विभिन्न पद्धतियों से नेटवर्क से जुड़े हों, ताकि ऐसे रिकार्ड बारे सुविधापुर्वक सूचना प्राप्त की जा सके।

अधिनियम के उपरोक्त प्रावधानों के दृष्टिगत सार्वजनिक प्राधिकरणों में वर्तमान रिकार्ड प्रबन्धन पद्धति को तथा विभिन्न प्रकार के रिकार्ड को संजोय रखने सम्बन्धी अनुसूची (शडयूल) तथा सूचिकरण एवं पृष्ठांकन पद्धति की समीक्षा की जानी आवश्यक हो जाती है। इस से रिकार्ड प्रबन्धन, विशेषकर इलैक्ट्रॉनिक रिकार्ड तैयार करने तथा उसे नष्ट करने सम्बन्धी वैध रूप रेखा में भी परिवर्तन किए जाने की आवश्यकता होगी। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत देश के नागरिकों द्वारा सूचना तक पहुंचने हेतु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के क्रियानव्यन में रिकार्ड के उपयुक्त सूचिकरण तथा पृष्ठांकन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए राज्य सरकार कम्पयूटरीकरण योग्य रिकार्ड को कम्पयूटरीकृत करने तथा चरणवद्ध पद्धती से एक निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे राज्य में नेटवर्क पर उपलब्ध करवाने हेतु पर्याप्त धन प्रदान करने सहित आवश्यक कदम उठाएगी।

8. सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा राज्य सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग तथा राज्य सूचना आयोग को सावधिक सूचियां तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करनी पड़ती हैं। इन सूचियों तथा रिपोर्टों को यथा समय प्रस्तुत करने के दृष्टिगत सार्वजनिक प्राधिकरण अपने क्षेत्रीय कार्यालयों में तैनात पीआई.ओ. तथा ए.पी.आई.ओ. से एक निर्धारित प्रपत्र पर सूचना एकत्रित करता है। ऐसा करने के लिए सार्वजनिक प्राधिकरण के मुख्यालय पर किसी एक नोडल अधिकारी को यह कार्य सौंपा जाना आवश्यक होगा। नोडल अधिकारी पदनामित करने वाली संस्था को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सभी पी.आई.ओ. अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही हेतु एक ही प्रक्रिया अपनाएगें। यह भी आशा की जाती है कि ऐसा करने से सार्वजनिक प्राधिकरण के प्रशासनिक विभाग सुधार विभाग (आर.टी.आई. अधिनियम, 2005 के लिए नोडल विभाग) तथा राज्य सूचना आयोग के मध्य बेहतर ताल–मेल

सुनिश्चित किया जा सकेगा। इसलिए यह उचित होगा कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के कार्यान्वयन हेतु सार्वजनिक प्राधिकरण मुख्यालय पर एक अधिकारी को नोडल अधिकारी पदनामित करे। जिन विभागों/सार्वजनिक प्राधिकरणों में ज्यादा मात्रा में पी.आई. ओ. तथा ए.पी.आई.ओ. होते हैं उनके सम्बंधित नोडल अधिकारी की सहायता के लिए विभागों/सार्वजनिक प्राधिकरणों के मुख्यालय पर एक अनुभाग अथवा कक्ष (Cell) का भी गठन किया जाए।

9. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की घारा–26 की उप–धारा (1) द्वारा आम जनता में अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के प्रचार–प्रसार का दायित्व सरकार पर डाला गया है। राज्य सरकार से अपेक्षित है कि वह जनता में विशेषकर अभावग्रस्त समुदायों में अधिनियम के अन्तर्गत प्रावधानित अधिकार को प्रयोग करने सम्बन्धि जानकारी बढ़ानें के उद्देश्य से शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा विकास करें। राज्य सरकार से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा उनकी गतिविधियों द्वारा सही सूचना के प्रभावी तथा समय पर प्रसार को प्रोत्साहित करें। सभी सार्वजनिक अधिकारियों को समयबद्ध प्रशिक्षण प्रदान करना तथा सम्बन्धित प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना भी सरकार का दायित्व है। इसलिए यह संस्तुत किया जाता है कि राज्य सरकार अधिनियम की धारा 26 के उपरोक्त प्रावधानों के क्रियान्वयन हेतु एक समय व कार्य योजना तैयार करें तथा उस पर अमल करे।